**Series HMJ/1**

**SET-1**

कोड नं.
Code No. **61/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं । | (I) Please check that this question paper contains **17** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **31** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **पाँच** खण्ड हैं – **क, ख, ग, घ** और **ङ** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **28** से **30** तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के **एक** प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के **तीन** प्रश्नों में और मानचित्र प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

***1×20=20***

**1.** हड़प्पा के स्थलों से प्राप्त जले अनाज के दानों तथा बीजों की खोज से हड़प्पावासियों की आहार संबंधी आदतों के विषय में जानकारी प्राप्त करने में निम्नलिखित विद्वानों का कौन-सा वर्ग सफल रहा ? *1*

(A) पुरा-प्राणि विज्ञानियों

(B) पुरा-मानवजाति विज्ञानियों

(C) भू-पुरातात्त्विकविदों

(D) पुरा-वनस्पतिज्ञों

**2.** हड़प्पाई लिपि को रहस्यमय क्यों कहा गया है ?

निम्नलिखित विकल्पों में से सही कारण का चयन कीजिए : *1*

(A) यह मिस्र की चित्रात्मक लिपि से मेल खाती है ।

(B) इसमें चिह्नों की संख्या कहीं अधिक है, 600 से 1000 के बीच ।

(C) यह बाईं से दाईं ओर लिखी गई थी ।

(D) इसकी लिखाई आज तक पढ़ी नहीं जा सकी है ।

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **five** sections – **A, B, C, D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions number **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iii)* ***Section B** – Questions number **21** to **24** are short-answer type questions, carrying **3** marks each. Answers to each of them should not exceed **100** words.*

*(iv)* ***Section C** – Questions number **25** to **27** are long-answer type questions, carrying **8** marks each. Answers to each of them should not exceed **350** words.*

*(v)* ***Section D** – Questions number **28** to **30** are source based questions, carrying **6** marks each.*

*(vi)* ***Section E** – Question number **31** is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of one mark, **1** question of three marks, **3** questions of eight marks and the map question. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

***1×20=20***

**1.** Which group of scholars among the following reconstructed the dietary practices of Harappa from the remains of charred grains and seeds found in the Harappan sites ? *1*

(A) Archeo-Zoologists

(B) Archeo-Ethnographists

(C) Geo-Archeologists

(D) Archeo-Botanists

**2.** Why is the Harappan script called enigmatic ?

Choose the correct reason from the following options : *1*

(A) It resembles the Hieroglyphic script of Egypt.

(B) It had too many symbols, between 600 and 1000 in number.

(C) It was written from left to right.

(D) Its writing remains undeciphered to date.

**3.** निम्नलिखित लिपियों में से किसका अर्थ जेम्स प्रिंसेप द्वारा निकाला गया था ? *1*

(A) बंगाली और देवनागरी

(B) संस्कृत और प्राकृत

(C) ब्राह्मी और खरोष्ठी

(D) यूनानी और इण्डो-यूनानी

**4.** बुद्ध की उपमाता महाप्रजापति गोतमी संघ में आने वाली पहली महिला _________ थीं । *1*

**अथवा**

बुद्ध का अपने अनुयायियों के लिए अन्तिम संदेश क्या था ? *1*

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ महावीर या जैन दर्शन की शिक्षाओं को समाहित किए हुए है ? *1*

(A) महावंश

(B) उत्तराध्ययन सुत्त

(C) दीपवंश

(D) सुत्त पिटक

**6.** निम्नलिखित प्रतिमा की पहचान कीजिए और इसे उपयुक्त शीर्षक दीजिए : *1*



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 6 के स्थान पर है :*

बुद्ध की शिक्षाओं को कहानियों के रूप में मुख्यतः त्रिपिटक के एक ग्रन्थ _________ में से पुनर्निर्मित किया गया है । *1*

**3.** Which of the following scripts were deciphered by James Prinsep ? *1*

(A) Bengali and Devanagari

(B) Sanskrit and Prakrit

(C) Brahmi and Kharosthi

(D) Greek and Indo-Greek

**4.** The Buddha's foster mother, Mahapajapati Gotami was the first woman to be ordained as a ________. *1*

**OR**

What was the last message of the Buddha to his followers ? *1*

**5.** Which one of the following texts contains the teachings of Mahavira or Jaina Philosophy ? *1*

(A) Mahavamsa

(B) Uttaradhyayana Sutta

(C) Dipavamsa

(D) Sutta Pitaka

**6.** Identify the following image and give it an appropriate title : *1*



***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 6 :*

Buddha's teachings have been reconstructed from stories found mainly in ________, one of the texts of Tipitaka. *1*

7. बौद्ध धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए :

I. बुद्ध के जीवनकाल में और उनकी मृत्यु के बाद भी बौद्ध धर्म तेज़ी से फैला ।

II. बौद्ध धर्म ने आचरण और मूल्यों को अधिक महत्त्व नहीं दिया ।

III. जो लोग समकालीन धार्मिक प्रथाओं से असंतुष्ट थे, ऐसे बहुत से लोगों से बौद्ध धर्म ने आग्रह किया ।

IV. बौद्ध धर्म ने जन्म के आधार पर श्रेष्ठता को अधिक बल दिया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ? *1*

(A) I और II

(B) II और IV

(C) I और III

(D) III और IV

8. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को *दृढ़कथन (A)* के रूप में जाना गया है और दूसरे को *कारण (R)* के रूप में जाना गया है ।

*दृढ़कथन (A) :* बर्नियर का निजी स्वामित्व के गुणों में दृढ़ विश्वास था । उसने देखा कि मुग़ल साम्राज्य में भूमि पर राजकीय स्वामित्व राज्य और उसके निवासियों दोनों के लिए अहितकर है ।

*कारण (R) :* भूधारक अपने बच्चों को भूमि नहीं दे सकते थे । इसलिए वे उत्पादन के स्तर को बनाए रखने और उसमें बढ़ोत्तरी के लिए दूरगामी निवेश के प्रति उदासीन थे ।

उपर्युक्त दृढ़कथन और कारण से ज्ञात कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है : *1*

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

9. निम्नलिखित में से कौन-सी इब्न बतूता की पुस्तक *रिह्ला* की विशेषता ***नहीं*** है ? *1*

(A) यह पुस्तक फ़ारसी में लिखी गई है ।

(B) यह भारतीय उपमहाद्वीप के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के विषय में बहुत ही प्रचुर और रोचक जानकारियाँ देती है ।

(C) इस पुस्तक में लेखक की यात्रा के अनुभव समाहित हैं ।

(D) यह पुस्तक ज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है ।

10. बॉक्स में दी गई निम्नलिखित जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़िए :

सगुण भक्ति के भक्त की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए । *1*

- वह मारवाड़ के मेड़ता की एक राजपूत राजकुमारी थी ।
- उसका विवाह उसकी इच्छा के विरुद्ध मेवाड़ के सिसोदिया कुल में कर दिया गया ।
- उसने अपने पति की आज्ञा की अवहेलना करते हुए पत्नी और माँ के परंपरागत दायित्वों को निभाने से इनकार किया ।
- उसने प्रभु कृष्ण को अपना प्रेमी माना ।

7. Study the following statements regarding Buddhism carefully :

I. Buddhism grew rapidly, both during the lifetime and after the death of Buddha.

II. Buddhism did not give much importance to conduct and values.

III. Buddhism appealed to many people who were dissatisfied with the existing religious practices.

IV. Buddhism laid much stress on superiority based on birth.

Which of the above statements are correct ? *1*

(A) I and II

(B) II and IV

(C) I and III

(D) III and IV

8. Given below are two statements, one labelled as *Assertion (A)* and the other labelled as *Reason (R)*.

*Assertion (A) :* Bernier was a firm believer in the virtues of private property. He saw crown ownership of land in the Mughal empire as being harmful to both State and the people.

*Reason (R) :* Landlords could not pass on their land to their children, so they were averse to any long time investment in the expansion of production.

From the above Assertion and Reason, find out which one of the following is true : *1*

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are false.

(D) Both (A) and (R) are true.

9. Which of the following is ***not*** a characteristic of Ibn Battuta's book, *Rihla* ? *1*

(A) This book is written in Persian.

(B) It provides rich and interesting details of the social and cultural life in the subcontinent.

(C) This book contains the travel experiences of the author.

(D) This book is an important source of knowledge.

10. Read the following information given in the box carefully :
Identify and name the devotee of Saguna Bhakti. *1*

- She was a Rajput princess from Merta in Marwar.
- She was married against her wishes to a prince of the Sisodia clan of Mewar.
- She defied her husband and did not submit to the traditional role of a wife and mother.
- She considered Lord Krishna as her lover.

**11.** उस बोधवर्धक या सिख समुदाय के गुरु की पहचान कीजिए और उनका नाम लिखिए जिनके कार्यों और योगदानों को नीचे दिया गया है : *1*

- उन्होंने खालसा पंथ की नींव डाली ।
- उन्होंने अपने सिखों को पाँच भिन्न प्रतीक समर्पित किए ।
- उन्होंने समुदाय को सामाजिक, धार्मिक और सैन्य बल के रूप में संगठित किया ।
- उन्होंने नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर की रचनाओं को गुरु ग्रन्थ साहिब में संकलित किया ।

**12.** कबीर के गुरु कौन थे ? *1*

**अथवा**

उस लिंगायत भक्त का नाम लिखिए, जिसने बारहवीं शताब्दी में कर्नाटक में नए आंदोलन का नेतृत्व किया । *1*

**13.** मुग़ल साम्राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए :

I. मुग़ल साम्राज्य बहुत से भिन्न-भिन्न नृजातीय समूहों और धार्मिक समुदायों को समाहित किए हुए था ।

II. सभी धर्मों को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता थी ।

III. शांति और स्थायित्व के स्रोत के रूप में बादशाह सभी धर्मों और नृजातीय समूहों से ऊपर होता था ।

IV. मुग़लों के अधीन अभिजात-वर्ग भी भिन्न धर्मों और नृजातीय समूहों से संबंधित था ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन अकबर की सुलह-ए-कुल नीति को दर्शाते हैं ? *1*

(A) I, III और IV
(B) II, III और IV
(C) I, II और III
(D) I, II और IV

**14.** निम्नलिखित शासकों में से किसके शासनकाल में ग़ैर-मुसलमान प्रजा पर जज़िया फिर से लगा दिया गया था ? *1*

(A) अकबर
(B) जहाँगीर
(C) शाहजहाँ
(D) औरंगज़ेब

**15.** नलयिरा दिव्यप्रबंधम् का वर्णन प्रायः __________ के रूप में किया जाता था । *1*

**16.** ब्रिटिश शासन के विरुद्ध गाँधीजी द्वारा शुरू किए गए 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तात्कालिक कारण की पहचान कीजिए । *1*

(A) कैबिनेट मिशन
(B) क्रिप्स मिशन
(C) साइमन कमीशन
(D) माउंटबेटन प्लान

**11.** Identify and name the preceptor or Guru of the Sikh community whose works and contributions are given below : *1*

- He laid the foundation of the Khalsa Panth.
- He bestowed the Sikhs with five distinct symbols.
- He consolidated the community as a socio-religious and military force.
- He compiled the compositions of the ninth guru, Guru Tegh Bahadur in Guru Granth Sahib.

**12.** Who was the Guru of Kabir ? *1*

**OR**

Name the Lingayat devotee who led a new movement in Karnataka in the twelfth century. *1*

**13.** Study the following statements regarding the Mughal empire carefully :

I. The Mughal empire comprised of many different ethnic groups and religious communities.

II. All the religions had absolute freedom of expression.

III. The emperor stood above all the religions and ethnic groups for peace and stability.

IV. The nobility under Mughals also belonged to different religions and ethnic groups.

Which of the above statements reflects the Sulh-i-kul policy of Akbar ? *1*

(A) I, III and IV
(B) II, III and IV
(C) I, II and III
(D) I, II and IV

**14.** During the reign of which of the following rulers was Jizya reimposed on non-Muslim subjects ? *1*

(A) Akbar
(B) Jahangir
(C) Shah Jahan
(D) Aurangzeb

**15.** The Nalayira Divyaprabandham was frequently described as __________. *1*

**16.** Identify the immediate reason of launching the 'Quit India Movement' by Gandhiji against the British rule. *1*

(A) Cabinet Mission
(B) Cripps Mission
(C) Simon Commission
(D) Mountbatten Plan

**17.** राष्ट्रीय भाषा के संदर्भ में निम्नलिखित मतों पर सावधानीपूर्वक विचार कीजिए :

I. यह हिन्दुस्तानी होनी चाहिए जो न तो संस्कृतनिष्ठ हिन्दी हो और न फ़ारसीनिष्ठ उर्दू, किन्तु यह हिन्दी और उर्दू दोनों का मिश्रण हो ।

II. इसमें अन्य अलग भाषाओं से शब्दों को शामिल नहीं करना चाहिए ।

III. हमारी राष्ट्रीय भाषा को एक सम्पन्न और सशक्त उपकरण के रूप में विकसित करना चाहिए, जो लोगों के विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने में समर्थ हो ।

IV. वह हिन्दुओं और मुसलमानों को तथा उत्तर और दक्षिण के लोगों को एकजुट कर सकती हो ।

ज्ञात कीजिए कि इन विचारों में से किनकी महात्मा गाँधी ने वकालत की थी : *1*

(A) I, II और IV

(B) II, III और IV

(C) I, III और IV

(D) I, II और III

**18.** निम्नलिखित कथन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए :

> "मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी और उन्हें बहुत भारी नुकसान पहुँचाएगी । अगर उन्हें हमेशा के लिए अलग कर दिया गया, तो वे कभी भी अपने को बहुसंख्यकों में रूपातंरित नहीं कर पाएँगे । निराशा का भाव उन्हें शुरू से अपंग बना देगा ।"

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किसका है ? *1*

(A) डॉ. अम्बेडकर

(B) पं. जवाहरलाल नेहरू

(C) गोविन्द वल्लभ पंत

(D) सरदार पटेल

**19.** 1946 में कैबिनेट मिशन भारत क्यों आया ?
निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त कारण का चयन कीजिए : *1*

(A) विधायिका में अंग्रेज़ों की सहभागिता को विस्तार देने के लिए ।

(B) विधायी स्तर पर द्वितंत्र प्रारंभ करने के लिए ।

(C) स्वतंत्र भारत के लिए उपयुक्त राजनीतिक स्वरूप सुझाने के लिए ।

(D) भारतीयों को संघीय न्यायालय प्रदान करने के लिए ।

**20.** अगस्त 1946 में मुस्लिम लीग द्वारा 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' घोषित करने का मुख्य कारण क्या था ? *1*

**17.** Consider the following ideas regarding the national language carefully :

I. It should be Hindustani which should neither be Sanskritised Hindi nor Persianised Urdu, but a blend of both Hindi and Urdu.

II. It should not admit words from other different languages.

III. The national language must develop into a rich and powerful instrument, capable of expressing the thoughts and feelings of the people.

IV. It could unify Hindus and Muslims and people of the North and the South.

Find out which of these ideas were advocated by Mahatma Gandhi : *1*

(A) I, II and IV

(B) II, III and IV

(C) I, III and IV

(D) I, II and III

**18.** Study the following statement carefully :

> "I believe separate electrorates will be suicidal to the minorities and will do them tremendous harm. If they are isolated for ever, they can never convert themselves into a majority and the feeling of frustration will cripple them even from the very beginning."

Who among the following made the above statement ? *1*

(A) Dr. Ambedkar

(B) Pt. Jawaharlal Nehru

(C) Govind Ballabh Pant

(D) Sardar Patel

**19.** Why did the Cabinet Mission come to India in 1946 ?

Choose the suitable reason from the following options : *1*

(A) To expand the participation of Britishers in the legislature.

(B) To introduce dyarchy at the legislative level.

(C) To suggest a suitable political framework for free India.

(D) To provide a federal court to the Indians.

**20.** What was the main reason for announcing 'Direct Action Day' by the Muslim League in August 1946 ? *1*

## खण्ड ख

*3×4=12*

**21.** मोहनजोदड़ो के दुर्ग में विशाल स्नानागार की अभिन्यास योजना को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

**22.** भारतीय उपमहाद्वीप को समझने में अल-बिरूनी के सामने आईं बाधाओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**23.** 1857 के विद्रोह के बाद उपनिवेशी शहरों में लाए गए किन्हीं तीन परिवर्तनों की परख कीजिए । *3*

**अथवा**

भारतीय इतिहास के मध्यकाल के दौरान दक्षिण भारत के शहरों की मुख्य विशेषताओं की परख कीजिए । *3*

**24.** रॉलट एक्ट के किसी एक प्रावधान का उल्लेख कीजिए । पंजाब के लोगों पर इस एक्ट के क्या प्रभाव पड़े ? *1+2=3*

## खण्ड ग

*8×3=24*

**25.** 600 ई.पू. से 600 ईसवी के दौरान ब्राह्मणीय निर्धारण के अनुसार पारिवारिक संबंधों और विवाह के नियमों का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

ब्राह्मणीय सिद्धान्त के संदर्भ में बंधुता और वर्ण व्यवस्था के आदर्श व्यवसायों का वर्णन कीजिए । 'इस सिद्धान्त का सार्वभौमिक पालन नहीं किया', यह सिद्ध करने के लिए उदाहरण दीजिए । *4+4=8*

**26.** "किलेबंदी की दीवारों ने न केवल विजयनगर के शहर को; अपितु कृषि में प्रयुक्त आस-पास के क्षेत्रों तथा जंगलों को भी घेरा था ।" इस कथन के प्रकाश में किलेबंदी के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

विजयनगर के शहर के लिए जल के स्रोतों की व्याख्या कीजिए और इसके साथ ही साम्राज्य के व्यापार के विकास को स्पष्ट कीजिए । *4+4=8*

**27.** "अठारहवीं सदी के अंत तक, बंगाल के इस्तमरारी बंदोबस्त के बाद भी, जमींदार राजस्व की माँग को पूरा करने में निरंतर असफल रहे ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *8*

**अथवा**

"बंगाल के कई ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में जोतेदार शक्तिशाली हुए ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *8*

## SECTION B *3×4=12*

**21.** Explain with examples the layout design of the Great Bath on the Citadel in Mohenjodaro. *3*

**22.** Explain the barriers faced by Al-Biruni in understanding the Indian Subcontinent. *3*

**23.** Examine any three changes brought into the colonial cities after the Revolt of 1857. *3*

**OR**

Examine the main features of the towns of South India during the medieval period of Indian history. *3*

**24.** Mention any one provision of the Rowlatt Act. What were the impacts of this Act on the people of Punjab ? *1+2=3*

## SECTION C *8×3=24*

**25.** Describe the familial ties and rules of marriage as per the Brahmanical prescription during c. 600 BCE – 600 CE. *8*

**OR**

Describe the Brahmanical theory regarding kinship and the ideal occupations of the varna order. Give examples to prove that this theory was not universally followed. *4+4=8*

**26.** "The fortification walls not only encircled the city of Vijayanagara but also its agricultural hinterland and forests." In the light of this statement, explain the significance of fortification. *8*

**OR**

Explain the sources of water for the city of Vijayanagara and also explain the development of trade of the Empire. *4+4=8*

**27.** "Zamindars regularly failed to pay the revenue demand even after the Permanent Settlement of Bengal at the end of the $18^{th}$ century." Evaluate the statement. *8*

**OR**

"The jotedars became powerful in the early $19^{th}$ century in many areas of rural Bengal." Evaluate the statement. *8*

## खण्ड घ

*6×3=18*

**28.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सम्राट के अधिकारी क्या-क्या कार्य करते थे ?**

मेगस्थनीज़ के विवरण का एक अंश दिया गया है :

साम्राज्य के महान अधिकारियों में से कुछ नदियों की देख-रेख और भूमि मापन का काम करते हैं जैसा कि मिस्र में होता था । कुछ प्रमुख नहरों से उपनहरों के लिए छोड़े जाने वाले पानी के मुखद्वार का निरीक्षण करते हैं ताकि हर स्थान पर पानी की समान पूर्ति हो सके । यही अधिकारी शिकारियों का संचालन करते हैं और शिकारियों के कृत्यों के आधार पर उन्हें इनाम या दंड देते हैं । वे कर वसूली करते हैं और भूमि से जुड़े सभी व्यवसायों का निरीक्षण करते हैं साथ ही लकड़हारों, बढ़ई, लोहारों और खननकर्ताओं का भी निरीक्षण करते हैं ।

(28.1) किस उद्देश्य के लिए सम्राट के अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी ? *2*

(28.2) अधिकारियों द्वारा किए गए व्यवसाय के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । *2*

(28.3) कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण करने की क्या आवश्यकता थी ? *2*

**29.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**अकबर के शासन में भूमि का वर्गीकरण**

*आइन* में वर्गीकरण के मापदंड की निम्नलिखित सूची दी गई है :

अकबर बादशाह ने अपनी गहरी दूरदर्शिता के साथ ज़मीनों का वर्गीकरण किया और हरेक (वर्ग की ज़मीन) के लिए अलग-अलग राजस्व निर्धारित किया । *पोलज* वह ज़मीन है जिसमें एक के बाद एक हर फ़सल की सालाना खेती होती है और जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता है । *परौती* वह ज़मीन है जिस पर कुछ दिनों के लिए खेती रोक दी जाती है ताकि वह अपनी खोयी ताकत वापस पा सके । *चचर* वह ज़मीन है जो तीन या चार वर्षों तक खाली रहती है । *बंजर* वह ज़मीन है जिस पर पाँच या उससे ज़्यादा वर्षों से खेती नहीं की गई हो । पहले दो प्रकार की ज़मीन की तीन किस्में हैं, अच्छी, मध्यम और खराब । वे हर किस्म की ज़मीन के उत्पाद को जोड़ देते हैं, और इसका तीसरा हिस्सा मध्यम उत्पाद माना जाता है, जिसका एक-तिहाई हिस्सा शाही शुल्क माना जाता है ।

(29.1) चचर भूमि तीन से चार वर्षों तक खाली क्यों छोड़ी जाती थी ? *2*

(29.2) इस वर्गीकरण के आधार को स्पष्ट कीजिए । *2*

(29.3) क्या आप समझते हैं कि यह राजस्व का मूल्यांकन करने का मज़बूत आधार था ? स्पष्ट कीजिए । *2*

## SECTION D

*6×3=18*

**28.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**What the king's officials did**

Here is an excerpt from the account of Megasthenes :

> Of the great officers of state, some ... superintend the rivers, measure the land, as is done in Egypt, and inspect the sluices by which water is let out from the main canals into their branches, so that every one may have an equal supply of it. The same persons have charge also of the huntsmen, and are entrusted with the power of rewarding or punishing them according to their deserts. They collect the taxes, and superintend the occupations connected with land; as those of the woodcutters, the carpenters, the blacksmiths, and the miners.

(28.1) For what purpose were the king's officials appointed ? *2*

(28.2) Explain the types of jobs they carried out. *2*

(28.3) What was the need to superintend the work of the workmen ? *2*

**29.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**Classification of lands under Akbar**

The following is a listing of criteria of classification excerpted from the *Ain :*

> The Emperor Akbar in his profound sagacity classified the lands and fixed a different revenue to be paid by each. *Polaj* is land which is annually cultivated for each crop in succession and is never allowed to lie fallow. *Parauti* is land left out of cultivation for a time that it may recover its strength. *Chachar* is land that has lain fallow for three or four years. *Banjar* is land uncultivated for five years and more. Of the first two kinds of land, there are three classes, good, middling, and bad. They add together the produce of each sort, and the third of this represents the medium produce, one-third part of which is exacted as the Royal dues.

(29.1) Why was Chachar land left uncultivated for some three to four years ? *2*

(29.2) Explain the basis of this classification. *2*

(29.3) Do you think it was a sound basis to assess the revenue ? Explain. *2*

**30.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**विद्रोही ग्रामीण**

ग्रामीण अवध क्षेत्र से रिपोर्ट भेजने वाले एक अफ़सर ने लिखा :

> अवध के लोग उत्तर से जोड़ने वाली संचार लाइन पर ज़ोर बना रहे हैं... । अवध के लोग गाँव वाले हैं... । ये गाँव वाले यूरोपियों की पकड़ से बिलकुल बाहर हैं । पल में बिखर जाते हैं, पल में फिर जुट जाते हैं । शासकीय अधिकारियों का कहना है कि इन गाँव वालों की संख्या बहुत बड़ी है और उनके पास बाकायदा बंदूकें हैं ।

(30.1) इन गाँव वालों से व्यवहार करने में अंग्रेज़ों के सामने आने वाली समस्याओं की परख कीजिए । *2*

(30.2) अंग्रेज़ों के प्रति अवध के लोग विरोधी क्यों थे ? कारण की परख कीजिए । *2*

(30.3) अंग्रेज़ों ने विद्रोहियों का दमन किस प्रकार किया ? *2*

**खण्ड ङ**

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** ***1×6=6***

**31.** (31.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *1×3=3*

(i) लोथल – विकसित हड़प्पाई पुरास्थल

(ii) कौशाम्बी – स्तम्भ अभिलेख

**अथवा**

अजन्ता – बौद्ध पुरास्थल

(iii) अजमेर **अथवा** आगरा – मुग़लों के अधीन प्रान्त

(31.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर तीन स्थानों को A, B और C से अंकित किया गया है, जो 1857 के विद्रोह से संबंधित हैं । उनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 31 के स्थान पर हैं :*

(31.1) राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं तीन केन्द्रों के नाम लिखिए । *1×3=3*

(31.2) किन्हीं तीन महाजनपदों के नाम लिखिए । *1×3=3*

**अथवा**

किन्हीं तीन बौद्ध पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

**30.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**Villagers as rebels**

An officer reporting from rural Awadh (spelt as Oude in the following account) noted :

> The Oude people are gradually pressing down on the line of communication from the North ... the Oude people are villagers ... these villagers are nearly intangible to Europeans melting away before them and collecting again. The Civil Authorities report these villagers to amount to a very large number of men, with a number of guns.

(30.1) Examine the problem faced by the British in dealing with these villagers. *2*

(30.2) Why were people of Oude (Awadh) hostile against the British ? Examine the reason. *2*

(30.3) How did the British suppress the rebels ? *2*

**SECTION E**

**(Map Based Question)** ***1×6=6***

**31.** (31.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following with appropriate symbols : *1×3=3*

(i) Lothal – a mature Harappan site

(ii) Kaushambi – a pillar inscription

**OR**

Ajanta – a Buddhist site

(iii) Ajmer **OR** Agra – a territory under Mughals

(31.2) On the same outline map of **India**, three places have been marked as A, B and C, which are associated with the Revolt of 1857. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *1×3=3*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No. 31 :*

(31.1) Name any three centres of the national movement. *1×3=3*

(31.2) Name any three Mahajanapadas. *1×3=3*

**OR**

Mention any three Buddhist sites. *1×3=3*

प्रश्न सं. 31.1 और 31.2 के लिए

For question no. 31.1 and 31.2

